खजराना गणेश मंदिर में तिल चतुर्थी मेला शुरू, स्वर्ण आभूषणों से विशेष श्रृंगार

कलेक्टर ने पूजन-अर्चन के साथ किया मेले का शुभारंभ

इंदौर. मंगलवार खजराना गणेश मंदिर में तिल चतुर्थी मेला प्रारंभ हुआ. कलेक्टर शिवम वर्मा ने खजराना गणेश मंदिर में पूजन-अर्चना के साथ इस मेले का शुभारंभ किया.

इस मौके पर नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल सहित अन्य अधिकारी भी विशेष रूप से मौजूद थे.

खजराना गणेश मंदिर पर परंपरागत तिल चतुर्थी महोत्सव के अवसर पर सुबह मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर शिवम वर्मा, मंदिर प्रशासक एवं निगमायुक्त क्षितिज सिंघल, मंदिर के महाप्रबन्धक राकेश शर्मा ने भक्त मंडल द्वारा निर्मित तिल गुड के सवा लाख लड्डुओं का भोग खजराना गणेश को समर्पित किया. साथ ही श्रीगणेश का स्वर्ण मुकुट तथा आभूषणों से विशेष श्रृंगार किया गया है. मंदिर को आकर्षक फूलों से फूल बंगला के साथ सजाया गया है. कलेक्टर ने इस मौके पर ध्वजा पूजन करने के साथ ही तिल चतुर्थी मेले की भी शुरुआत की.

पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा एवं क्षेत्र के विधायक महेन्द्र हार्डिया ने भी खजराना गणेश की पूजा अर्चना की. भक्त मंडल के अरविन्द बागड़ी परिवार की ओर से खजराना गणेश को तिल-गुड़ के सवा लाख लड्डुओं के प्रसाद वितरण का शुभारंभ भी किया गया.

भक्त मंडल ने संभाली व्यवस्था

भक्त मंडल के अरविंद बागड़ी, कैलाश पंच, पार्षद पुष्पेन्द्र पाटीदार, वासुदेव पाटीदार ने बताया कि मंदिर के मुख्य पुजारी पं. अशोक भट्ट, पं. पुनीत, पं. जयपाल एव पं. धर्मेन्द्र भट्ट ने अतिथियों से पूजा-अर्चना संपन्न कराई. इस अवसर पर पं. अशोक भट्ट एवं भक्त मंडल के अरविन्द बागड़ी, सुभाष नायक, सुरेश चौधरी, आकाश वर्मा, रिंकू वर्मा एवं दिनेश सर के साथ पूरे समय प्रसाद वितरण की व्यवस्था संभाली. मंदिर के प्रबंधक धनश्याम शुक्ला एवं गौरीशंकर मिश्रा के मार्गदर्शन में भक्त मंडल के 50 सदस्य दिनभर भक्तों के मार्गदर्शन एवं प्रसाद वितरण के सहयोग में भागीदार बने रहे.

एक नजर में

आईडीएफसी बैंक का नया क्रेडिट कार्ड लॉन्च

इंदौर. आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने अपना नया प्रीमियम कार्ड, ज़ीरो-फॉरेक्स डायमंड रिजर्व क्रेडिट कार्ड लॉन्च कर दिया है. यह एक प्रीमियम ट्रैवल और लाइफस्टाइल कार्ड है, जिसे खास तौर पर उन ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है, जो अक्सर विदेशी यात्रा करते हैं. इस कार्ड में ज़ीरो फॉरेक्स मार्क-अप, ट्रैवल लाउंज की सुविधा, त्वरित ट्रैवल रिवॉर्ड्स और कई लाइफस्टाइल सुविधाएँ मिलती हैं, ताकि देश और विदेश दोनों जगह बिना झंझट खर्च किया जा सके. शिरीष भंडारी, हेड- क्रेडिट कार्ड्स, फास्टैग एंड लॉयल्टी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, ने कहा डायमंड रिज़र्व उन ग्राहकों के लिए फायदेमंद विकल्प है, जो अक्सर विदेशी यात्रा करते हैं और एक ऐसा प्रीमियम कार्ड चाहते हैं, जो भारत और विदेश दोनों में आसानी से काम करे. ज़ीरो फॉरेक्स मार्कअप, ट्रैवल-फोकस्ड रिवॉर्ड्स और 6 लाख रुपए सालाना खर्च पर वार्षिक शुल्क माफी इसे ग्लोबल ट्रैवल और लाइफस्टाइल के लिए आदर्श कार्ड बनाता है.

एयू एसएफबी ने सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट 2024-25 जारी की

इंदौर. एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी), ने अपनी चौथी सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट जारी की है. यह रिपोर्ट पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति एयू एसएफबी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है, जिसमें चार प्रमुख स्तंभों: सस्टेनेबल फाइनेंस, ऑपरेशंस, कम्युनिटी और रिपोर्टिंग में प्रगति को दिखाया गया है. एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के चेयरमैन एचआर खान ने कहा हम अपनी चौथी सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट और मर्जर के बाद पहली रिपोर्ट जारी कर रहे हैं, हम ऐसे भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं जहाँ फाइनेंशियल एम्पावरमेंट पर्यावरण की देखभाल और सामाजिक समानता के साथ आगे बढ़े. बैंक के फाउंडर एमडी और सीईओ संजय अग्रवाल ने कहा, एक स्मॉल फाइनेंस बैंक से भविष्य के यूनिवर्सल बैंक तक की हमारी यात्रा एक सरल लेकिन शक्तिशाली विश्वास पर बनी है- विकास और सस्टेनेबिलिटी साथ-साथ चलने चाहिए.

लॉर्ड्स मार्क के 153 प्रोडक्ट को यूएस एफडीए रजिस्ट्रेशन

इंदौर. लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 153 ऑर्थोसर्जिकल प्रोडक्ट्स के लिए यूएस एफडीए रजिस्ट्रेशन हासिल करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है. ऐसा करने वाली यह भारत की पहली कंपनियों में से एक है, जिसने भारतीय मेडिकल डिवाइस बनाने वाली कंपनियों के लिए एक नया बेंचमार्क सेट किया है. इस उपलब्धि पर लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज के मैनेजिंग डायरेक्टर, सच्चिदानंद उपाध्याय ने कहा यह मील का पत्थर रेगुलेटरी पहचान से कहीं ज़्यादा है. यह हमारे इस विश्वास को मज़बूत करता है कि वर्ल्ड-क्लास मेडिकल डिवाइस भारत में ग्लोबल लेवल पर डिज़ाइन, मैन्युफैक्चर और रेगुलेट किए जा सकते हैं. 153 ऑर्थोसर्जिकल प्रोडक्ट्स के लिए यूएस एफडीए की पहचान हासिल करने वाली पहली भारतीय कंपनियों में से एक होना हमारे सिलवासा मैन्युफैक्चरिंग प्लेटफॉर्म की ताकत, हमारे रेगुलेटरी अनुशासन और भारत को विश्व स्तर पर भरोसेमंद हेल्थकेयर समाधानों के एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में स्थापित करने के हमारे लॉन्ग-टर्म विज़न को दिखाता है.

यूजीओवी सर्वे- बादाम वजन प्रबंधन में सहायक



इंदौर. कैलिफ़ोर्निया आल्मंड बोर्ड के सहयोग से किए गए नए यूजीओवी सर्वे से पता चलता है कि भारतीय उपभोक्ता अब धीरे-धीरे स्वास्थ्यपूर्ण विकल्प अपनाना अधिक पसंद कर रहे हैं. 16 शहरों में किए गए इस सर्वेक्षण से यह भी पता चलता है कि लोग अब स्वास्थ्य और संतुलित जीवनशैली की ओर अधिक ध्यान दे रहे हैं. अधिकांश (92%) लोग स्वास्थ्य और पोषण में गहरी रुचि दिखा रहे हैं, जबकि 51% लोग रोज़ाना व्यायाम जैसी सक्रिय जीवनशैली अपना रहे हैं. इसके अलावा, 63% रिस्पान्डन्ट कहते हैं कि वे अपने वजन को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं- अक्सर रोज़ाना व्यायाम, ज्यादा पानी पीना और चीनी कम करना जैसी नियमित आदतों के माध्यम से. रितिका समद्दार, रीजनल हेड- डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर ने कहा साल कि बादाम इन दिनचर्याओं में सहज रूप से फिट हो जाते हैं, क्योंकि ये पेट भरे रखने वाले, आसानी से शामिल किए जाने वाले और पोषण से संतुलित होते हैं.

अमेजन पे ने फिक्स्ड डिपॉजिट की शुरुआत की

इंदौर. अमेज़न पे ने आज फिक्स्ड डिपॉज़िट की शुरुआतकी घोषणा की, जो भारत में उसके वित्तीय सेवा इकोसिस्टम के विस्तार की दिशामें एक अहम कदम है. दो प्रमुख एनबीएफसी- श्रीराम फाइनेंस और बजाजफाइनेंस- और पांच बैंकों- शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक, सूर्योदय स्मॉलफाइनेंस बैंक, साउथ इंडियन बैंक, स्लाइस और उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक- केसाथ रणनीतिक साझेदारी के ज़रिए, अमेज़न पे देशभर के लाखों ग्राहकों कोफिक्स्ड डिपॉज़िट विकल्प उपलब्ध करा रहा है. अमेज़न पे के सीईओ विकास बंसल ने कहा भारत में फिक्स्ड इनकमइंस्ट्रूमेंट्स काफी लोकप्रिय हैं, क्योंकि इनकी संरचना सरल होती है, रिटर्नसुनिश्चित होता है और जोखिम कम होता है. नए साल की शुरुआत में इस लॉन्चके साथ हम ग्राहकों के लिए विकल्पों का विस्तार कर रहे हैं और उन्हें अपनी बचतपर बेहतर रिटर्न पाने में मदद कर रहे हैं, ताकि वे 2026 के अपने वित्तीय लक्ष्यों केलिए मजबूत आधार बना सकें.

कॉन्सर्ट्स तय कर रहे जेन जेड की ट्रैवल प्लॉनिंग

इंदौर. म्यूजिक अब युवा भारतीयों की यात्रा की दिशा तय कर रहा है एयरबीएनबी की अनुभव-आधारित ट्रैवल इनसाइट्स के अनुसार, जेन जेड अब लाइव कॉन्सर्ट और म्यूजिक फेस्टिवल्स के इर्द-गिर्द अपनी यात्राओं की योजना बना रहे हैं. यह उनके लिए नए शहरों को एक्सप्लोर करने का जरिया बन रहा है जहां वे सिर्फइवेंट तक सीमित नहीं रहते, बल्कि कुछ दिन ठहरते भी हैं और स्थानीय इलाक़ों को तसल्ली से जानते-समझते हैं. नई पीढ़ी यात्रा के फैसले अब सांस्कृतिक गतिविधियों को ध्यान में रखकर लेती है. एयरबीएनबी के इंडिया और साउथईस्ट एशिया के कंट्री हेड अमनप्रीत सिंह बजाज ने कहा म्यूजिक कॉन्सर्ट्स और फेस्टिवल्स में बढ़ती दिलचस्पी ने एक नए तरह के ट्रैवलर को जन्म दिया है, जो संगीत को नए गंतव्यों की खोज का जरिया मानता है. एयरबीएनबी में हम देख रहे हैं कि कॉन्सर्ट टूरिज्म युवा यात्रियों को शहरों के नए इलाक़ों और स्थानीय समुदायों से जोड़ रहा है और इसका सार्थक असर पड़ रहा है।

महू के जंगलों में लकड़बग्घे की दस्तक, मवेशियों पर बढ़ा खतरा

- गाय के बछड़े को बनाया शिकार
- बचाने आए कुत्ते पर भी किया हमला

नव भारत न्यूज

इंदौर. महू क्षेत्र के जंगलों में अब वन्यजीवों का खतरा नए रूप में सामने आ रहा है. बाघ और तेंदुओं के बाद अब लकड़बग्घे भी गांवों के पास मवेशियों को निशाना बनाने लगे हैं. ताजा मामले में महू के जंगल में लकड़बग्घे ने एक गाय के बछड़े पर हमला कर उसे मार डाला, जबकि बीच-बचाव करने आए एक कुत्ते को भी घायल कर दिया.

घटना मलेंडी निवासी भूरेलाल के मवेशियों के साथ हुई. जंगल क्षेत्र में बछड़े का शव क्षत विक्षत हालत में मिला. मौके पर पहुंचे वन विभाग के अमले ने हालात का निरीक्षण किया. शव पर मिले दांतों और पंजों के निशानों से यह साफ हुआ कि शिकार लकड़बग्घे द्वारा किया गया है. बताया जा रहा है कि हमले के वक्त एक कुत्ते ने बछड़े को बचाने की कोशिश की, लेकिन लकड़बग्घे ने उस पर भी झपट्टा मार दिया. हमले में कुत्ता बुरी तरह घायल हो गया, जिसका स्थानीय लोगों ने इलाज कराया.

वन विभाग ने ग्रामीणों से की अपील...

महू फॉरेस्ट रेंज के अधिकारी नयन पालवी ने बताया कि बछड़े का पंचनामा तैयार कर लिया है. वन विभाग की ओर से नियमानुसार मवेशी मालिक को करीब 12 हजार रुपये का मुआवजा दिया जाएगा. उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि मवेशियों को रात के समय जंगल की ओर न छोड़ें और किसी भी संदिग्ध वन्यजीव गतिविधि की सूचना तुरंत वन विभाग को दें. घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है. ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते निगरानी नहीं बढ़ाई गई, तो आने वाले दिनों में मवेशियों पर हमलों की घटनाएं और बढ़ सकती हैं.

रेलवे स्टेशन पर अब कुली बनेंगे पुलिस के आंख और कान

- 'पुलिस का सहयोग, कुली का सहारा स्टेशन बने सुरक्षित हमारा'
- रेल अपराधों पर लगाम लगाने जीआरपी की नई रणनीति
- कुली और वेंडर निभाएंगे मुखबिर की भूमिका

नव भारत न्यूज

इंदौर. रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए जीआरपी ने नई रणनीति पर काम शुरू कर दिया है. अब प्लेटफार्म पर दिन-रात मौजूद रहने वाले कुली और वेंडर पुलिस के लिए मुखबिर की भूमिका निभाएंगे. जीआरपी ने सूचना तंत्र को मजबूत करने के लिए इन्हें सीधे अपने नेटवर्क से जोड़ने की पहल की है.

रेलवे एसपी पद्मविलोचन शुक्ला ने बताया कि ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर होने वाली चोरी, लूट और अन्य वारदातों को रोकने के लिए पुलिस लगातार ठोस कदम उठा रही है. अपराधियों तक समय रहते पहुंचने के लिए ज्यादा से ज्यादा सूचना मिलना जरूरी है, इसी उद्देश्य से अब कुलियों को भी पुलिस से जोड़ा जा रहा है. एसपी ने बताया कि आगामी 8 जनवरी से इस नीति के तहत काम करने की शुरुआत की जा रही है. इंदौर रेलवे स्टेशन पर इस समय 50 से अधिक कुली सेवाएं दे रहे हैं, जो हर प्लेटफार्म और ट्रेनों के आसपास लगातार सक्रिय रहते हैं. इन्हें स्टेशन की हर गतिविधि की जानकारी रहती है. दो दिन पहले कुलियों की बैठक लेकर उनसे इस योजना को लेकर चर्चा की गई, जिस पर उन्होंने पुलिस को सहयोग देने की सहमति भी दी है. इसके साथ ही स्टेशन पर काम कर रहे वेंडरों से भी सहयोग लिया जाएगा.

केवल पुलिस के भरोसे सुरक्षा व्यवस्था संभालना मुश्किल

एसपी का मानना है कि आने वाले समय में इंदौर रेलवे स्टेशन का विस्तार हो रहा है और ट्रेनों की आवाजाही भी बढ़ने वाली है. आगामी सिंहस्थ को लेकर भी अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं. उस दौरान यात्रियों की संख्या कई गुना बढ़ेगी, ऐसे में केवल पुलिस बल के भरोसे सुरक्षा व्यवस्था संभालना मुश्किल होगा. इसी कारण सूचना तंत्र को मजबूत करना जरूरी है.

इस पहल से अपराधियों पर शिकंजा कसने में मिलेगी मदद

एसपी का कहना है कि कुली पूरे दिन प्लेटफार्मों पर सक्रिय रहते हैं और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों पर उनकी नजर सबसे पहले जाती है. यदि समय रहते सूचना मिल जाए, तो कई वारदातों को पहले ही रोका जा सकता है. रेलवे पुलिस को उम्मीद है कि इस नई पहल से रेलवे परिसर में अपराधियों पर शिकंजा कसने में बड़ी मदद मिलेगी.

युवक-युवतियों ने अपना जीवन साथी चुना

- सरयूपारी ब्राह्मण समाज का परिचय सम्मेलन
- पहली बार मातृ शक्तियों ने सम्हाली कमान

इंदौर. मातृ शक्तियों के नेतृत्व में हुए तुलसीदास सरयूपारी समाज के परिचय सम्मेलन में 65 युवक युवतियों ने अपना जीवन साथी चुना. इस दौरान विवाह योग्य युवक युवतियों के सम्पूर्ण बायोडेटा से सम्बंधित चयनिका पत्रिका का विमोचन के अलावा समाज की प्रतिभाओं का भी सम्मान भी किया गया.

अध्यक्ष सुभाष दुबे, सचिन दूबे ने बताया इस बार सरयूपारी मातृशक्तियो के निर्देशन में 15 वे अखिल भारतीय सरयूपारी परिचय सम्मेलन की शुरुआत हँसदास मठ में हुई. आमंत्रित अतिथियों और सामाजिक परिजनों का न सिर्फ तिलक कर उन्हें जनेऊ का जोड़ा देते स्वागत किया गया. समिति की राजा तिवारी, पुष्पा दुबे ने बताया कि परिचय सम्मेलन की सम्पूर्ण व्यवस्था मातृशक्तियो द्वारा संभाली गई. अध्यक्ष रेखा त्रिपाठी, रजनी पांडे ने बताया परिचय सम्मेलन में लगभग 3000 से ज्यादा बड़ी संख्या में समाज जन इकट्ठा हुए.

इस सम्मेलन में जीवन साथी चयन के लिए 1000 से अधिक परिवारों ने समाज की पत्रिका चयनिका में अपने बेटे बेटियों का बायोडेटा दिया था. इसके बावजूद आज परिचय सम्मेलन के दौरान 100 और परिवारो ने अपने बेटे बेटियों का बायोडाटा देकर मंच से जीवन साथी चयन के लिए मंच से परिचय कराया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गोलूजी शुक्ला. भाजपा नगर अध्यक्ष सुमितजी मिश्रा, पार्षद मनोज मिश्रा और पूर्व राज्य मंत्री योगेंद्रजी महंत सर्व ब्राह्मण समाज के संस्थापक अध्यक्ष विकास अवस्थी, रियल स्टेट कारपोरेट के महाप्रबंधक अरुण मिश्रा शामिल थे. इस परिचय सम्मेलन की सबसे बड़ी खासियत यह थी कि मंच संचालन से लेकर सम्मेलन में जितने भी कार्य थे सभी की कमान मातृशक्तियो के हाथ मे ही रही. कार्यक्रम में विशेष रूप से सर्वश्री सुनील तिवारी, अरुण मिश्रा, विनायक पांडे, गोविंद शर्मा ,संजय मिश्रा, रामचंद्र बैदिक, अशोक चतुर्वेदी, पवन दास शर्मा, किशोर शुक्ला, प्रदुम्म दीक्षित उपस्थित थे. आभार राजकुमार पांडे ने माना.

बिना लक्ष्य के जीवन होता है अर्थहीन

- विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था का वार्षिक महोत्सव

इंदौर. विप्र समाज की संस्था नारी शक्ति सेवा संस्था का वार्षिक महोत्सव संस्थापक अध्यक्ष प्रमिला कैलाश शर्मा के सानिध्य में बड़ा गणपति स्थित हंसदास मठ पर संपन्न हुआ. महोत्सव के तहत स्मारिका का विमोचन, सेवा सम्मान, भजन संध्या आदि कार्यक्रम आयोजित किये गए.

समारोह के अतिथि संत अण्णा महाराज , महामण्डलेश्वर पवनदास महाराज ,विप्र प्रमुख पं.योगेन्द्र महंत, डॉ. अलका भार्गव, गौरव गोयल, सरिता शर्मा, योगेश मिश्रा थे. इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि जिस प्रकार उपयोग के बिना धन व्यर्थ है, भूख के बिना भोजन का कोई महत्व नहीं और होश के बिना जोश दिशाहीन होता है, उसी प्रकार बिना लक्ष्य के जीवन भी अर्थहीन हो जाता है. लक्ष्य ही जीवन को दिशा देता है, मेहनत को मक़सद देता है और सपनों को हकीकत में बदलने की ताक़त देता है इसलिए लक्ष्य तय करें, उस पर विश्वास रखें और पूरे समर्पण के साथ आगे बढ़ते रहें ,क्योंकि लक्ष्य के साथ जिया गया जीवन ही सच्चा जीवन होता है. विशेष अतिथि दीपक वाघ, भूषण भाई,मोनिका दुबे , सुनीता पाठक थे.

महिलाओं ने मधुर भजन सुनाए

सभी अतिथियों ने स्मारिका का विमोचन किया और आयोजन की सराहना की। प्रवीण जोशी ने बताया कि महिलाओ ने फैन्सी आयटम, हैंडीक्राफ्ट उत्पादों के विभिन्न स्टाल्स लगाए. मातारानी का विशेष दरबार सजाया गया और 56 भोग लगाए गए. भजन संध्या मे महिलाओ ने सुमधुर भजन गाए. सबसे अच्छी संजा बनाने वाली बालिका को नगद राशि देकर सम्मानित किया. महोत्सव में मध्य प्रदेश सहित उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र आदि राज्यों की 900 महिलाएं शामिल हुई. अतिथियों का शाल-श्रीफल से स्वागत संस्थापक अध्यक्ष प्रमिला कैलाश शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरी शर्मा, अंजू भार्गव, मीना पाठक, मंजु शर्मा, रेखा दुबे, मणीमाला शर्मा ने किया. महोत्सव में माहिलाओ ने अपने विचार और सुझाव भी प्रस्तुत किये.

जूनियर मिस इण्डिया की खिताबी दौड़ में इंदौर की अनन्या

- जयपुर में भारत के सबसे बड़े किड्स फैशन शो में पहुंची

नवभारत न्यूज

इंदौर. शहर की प्रतिभाएं लगातार रूपहले पर्दों पर जहां चमक बिखेर रही है वहीं बाल प्रतिभाओं भी इसमें कदम मिलाकर चल रही है. ऐसी ही एक नन्हीं प्रतिभा ने भारत के सबसे बड़े किड्स फैशन शो के फायनल मुकाबले में अपनी जगह बनाई है.

इंदौर की अनन्या निकम 5 से 7 वर्ष की कैटेगरी में आने वाले 6 से 8 जनवरी तक जयपुर में हो रहे मुकाबले में हिस्सा ले रही है. जूनियर मिस इण्डिया सीजन-4 में ग्रैण्ड फिनाले के लिए उनका चयन हुआ है. पूरे आत्मविश्वास के साथ ऑडिशन देने के बाद अनन्या खिताबी दौड़ में पहुंची है. उनके पिता आकाश निकम और मां बबीता निकम ने बताया कि 5 वर्षीय अनन्या बचपन से ही टीवी शोज, एड्वर्टाइजमेंट और स्कूल इवेंटस में भाग लेती रही है. अब जयपुर में वह बड़े कॉन्टेस्ट में भाग ले रही है. वहां 3 राउण्ड होंगे. अनन्या के माता-पिता, परिजनों और मिलने जुलने वालों ने उसे विजयश्री की शुभकामनाएं दी है.

एक नजर में | आईएमए द्वारा डिसीजन मेकिंग विद इम्पैक्ट फॉर ए डायनॉमिक 2026 पर विशेष सत्र

निर्णय लेते समय सजग और विवेकपूर्ण होना अत्यंत आवश्यक

इंदौर. इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन (आईएमए) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के अंतर्गत आज डिसीजन मेकिंग विद इम्पैक्ट फॉर ए डायनामिक 2026 विषय पर एक प्रभावशाली एवं ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया गया. इस सत्र के मुख्य वक्ता अंतरराष्ट्रीय कॉरपोरेट ट्रेनर डॉ. अभिषेक तिवारी रहे.

सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. तिवारी ने कहा कि हमारे व्यावसायिक और व्यक्तिगत जीवन में लिए गए निर्णयों का दूरगामी प्रभाव पड़ता है, इसलिए निर्णय लेते समय सजग और विवेकपूर्ण होना अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने बताया कि केवल भावनाओं या पुरानी सोच के आधार पर निर्णय लेना आज के तेजी से बदलते समय में उपयुक्त नहीं है. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वर्तमान की गतिशील परिस्थितियों के अनुसार अपनी सोच और मानसिकता को समय-समय पर अपडेट करना जरूरी है, अन्यथा गलत या अवांछित निर्णय लिए जा सकते हैं. निर्णय प्रक्रिया में व्यवहारिक और तकनीकी दोनों पहलुओं को संतुलित रूप से शामिल करना चाहिए.

दी तकनीक की जानकारी

डॉ. तिवारी ने प्रतिभागियों को आधुनिक निर्णय लेने की तकनीकों जैसे लोटस ब्लॉसम तकनीक और पेयरड कंपैरिजन मेथड के बारे में भी जानकारी दी, जिससे निर्णय अधिक तार्किक, स्पष्ट और प्रभावी बनाए जा सकते हैं. सत्र का मुख्य संदेश यह रहा कि भावना और तर्क का संतुलन ही सही और प्रभावी निर्णय लेने की कुंजी है. कार्यक्रम में आईएमए सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही. सभी प्रतिभागियों ने सत्र को अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया.